माता-पिता / देखभालकर्ता / अभिभावक जानकारी और सहमति पत्र

2022 स्कूल के प्रति विद्यार्थियों का दृष्टिकोण सर्वेक्षण

प्रिय माता-पिता / देखभालकर्ता / अभिभावक,

इस पत्र का उद्देश्य आपको 2022 स्कूल के प्रति विद्यार्थियों के दृष्टिकोण सर्वेक्षण (AtoSS) के बारे में सूचित करना है, जिसमें आपके बच्चे/आपकी बच्ची को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

सर्वेक्षण के बारे में

हम विद्यार्थियों की संलग्नता व कल्याण और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के माध्यम के रूप में उनकी राय को महत्व देते हैं और यह पता लगाने के लिए यह सर्वेक्षण कर रहे हैं कि आपका बच्चा/आपकी बच्ची अपने स्कूल के बारे में क्या सोचता/सोचती है।

शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग (Department of Education and Training) द्वारा AtoSS को एक विद्यार्थी सर्वेक्षण के रूप में प्रत्येक वर्ष प्रस्तुत किया जाता, ताकि आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्कूल को विद्यार्थियों की स्कूल के बारे में धारणाओं और अनुभव की समझ प्राप्त हो सके। विद्यार्थियों से उनके स्कूल के संबंध में उनके विचारों और भावनाओं, उनके शिक्षण, सहपाठियों और परिवार के साथ संबंधों, कठिनाई से उबरने की क्षमता, धमकाने, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण, शारीरिक गतिविधि और सामान्य रूप से जीवन के बारे में पूछा जाएगा।

इस वर्ष की अवधि के दौरान, AtoSS 30th of May – 10th of June आपके स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

इसके क्या फायदे हैं?

हमने अपने अनुभव में यह पाया है कि युवा लोग अपनी राय सामने रखने में खुशी महसूस करते हैं। हम लगभग 20 वर्षों से यह सर्वेक्षण आयोजित करते आ रहें है और इसके माध्यम से स्कूलों को विद्यार्थियों के विचारों को समझने में बहुमूल्य सहायता मिली है। आपके बच्चे/आपकी बच्ची की स्कूली शिक्षा के अनुभव में सुधार करने के लिए आपका स्कूल कार्यक्रमों और गतिविधियों के नियोजन में इस सर्वेक्षण के परिणामों का उपयोग करेगा।

इसमें क्या खतरे हैं?

इसमें भाग लेने में हमें कोई अधिक खतरों का अंदेशा नहीं है, लेकिन कुछ विद्यार्थियों को सर्वेक्षण के कुछ प्रश्न अत्यधिक व्यक्तिगत और संवेदनशील प्रकृति के लग सकते हैं। चाहे आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची के प्रतिभाग के लिए सहमति क्यों न दें, लेकिन यदि सर्वेक्षण से उन्हें परेशानी या असहजता महसूस होती है तो वे कुछ प्रश्नों का उत्तर नहीं देने, या किसी भी समय अपनी सहमति वापिस लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

इस सर्वेक्षण के लिए एक मानव अनुसंधान आचार समिति (Human Research Ethics Committee) ने स्वीकृति दी है। ये प्रश्न ऑस्ट्रेलिया में और पूरी दुनिया-भर में उपयोग किए जाने वाले सत्यापित सर्वेक्षण उपकरणों से चुने जाते हैं, शक्ति-आधारित होते हैं और प्रत्येक कक्षा समूह स्तर के अनुसार अनुकूलित होते हैं।

मेरे बच्चे/मेरी बच्ची को क्या करने के लिए कहा जाएगा?

आपके बच्चे/आपकी बच्ची को एक प्रयोजनार्थ निर्मित सुरक्षित ऑनलाइन सर्वेक्षण उपकरण का उपयोग करके कक्षावधि **में सर्वेक्षण कोऑनलाइन** पूरा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हम किसी भी तरह से आपके बच्चे/आपकी बच्ची की "परीक्षा" नहीं ले रहे हैं। कृपया ध्यान दें:

- सर्वेक्षण में विद्यार्थियों का प्रतिभाग स्वैच्छिक है और वे किसी भी समय अपनी समहति वापिस ले सकते हैं।
- सर्वेक्षण को पूरा करने में लगभग 20-45 मिनट लगेंगे।

मेरे बच्चे/मेरी बच्ची की गोपनीयता को सुरक्षित कैसे रखा जाएगा?

आपके बच्चे/आपकी बच्ची का शिक्षक उसे सर्वेक्षण पूरा करने के लिए एक अनन्य लॉगिन देगा। विद्यार्थी लॉगिन एक आवंटित पहचान संख्या होती है, जिसका उपयोग केवल सांख्यिकी और अनुसंधान के प्रयोजनों के लिए ही डेटा को लिंक करने के लिए किया जा सकता है। सर्वेक्षण उत्तर फाइल में व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने वाले डेटा को दर्ज नहीं किया जाएगा। इससे आपके बच्चे/आपकी बच्ची के उत्तरों की गोपनीयता का संरक्षण हर समय सुनिश्चित रहेगा।

परिणामों की रिपोर्ट कैसे की जाएगी?

सर्वेक्षण की संपूर्ण अवधि के दौरान सर्वेक्षण के परिणामों को सकल रूप में स्कूल के पास वापिस रिपोर्ट किया जाएगा। रिपोर्टों में उपलब्ध कराया गया सभी सर्वेक्षण डेटा केवल विद्यार्थियों के सामूहिक स्वरूप में ही होता है, ताकि किसी भी विद्यार्थी की व्यक्तिगत पहचान स्थापित न की जा सके। जिन स्कूलों में किसी स्तर की कक्षा में कम विद्यार्थी होते हैं, उनके लिए डेटा गोपन नियमों का उपयोग किया जाता है।

स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट (School Annual Report) जैसे दस्तावेजों में आपका स्कूल माता-पिता के साथ सर्वेक्षण के परिणामों को साझा कर सकता है।

भागीदारी के विकल्प

इस सर्वेक्षण में भागीदारी **स्वैच्छिक** है। यदि आप अपने बच्चे के सर्वेक्षण में शामिल होने के/की इच्छुक **नहीं** हैं, तो कृपया अपने स्कूल को ईमेल भेजकर ऑप्ट आउट करें: edgars.creek.ps@education.vic.gov.au कृपया 24th of May से पहले ऐसा कर लें और अपने बच्चे/अपनी बच्ची का नाम व कक्षा स्तर इंगित करते हुए यह बताएँ कि आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची द्वारा इस सर्वेक्षण में भाग लिए जाने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

यदि आपके स्कूल को इस पत्र में दर्शाई गई सर्वेक्षण की आरंभ तिथि से पहले आपकी ओर से असहमति ईमेल (Refusal of Consent) नहीं मिलती है, तो इसका अर्थ यह होगा कि आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची द्वारा 2022 स्कूल के प्रति विद्यार्थियों का दृष्टिकोण सर्वेक्षण में भाग लिए जाने के लिए सहमत हैं।

हम आपके बच्चे/आपकी बच्ची को जो सर्वेक्षण पूरा करने के लिए कह रहे हैं, उसकी प्रति आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्कूल से प्राप्त की जा सकती है। यदि आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची के प्रतिभाग के बारे में अपना निर्णय लेने से पहले सर्वेक्षण को देखना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया प्रशासन कार्यालय से संपर्क करें।

यदि आप और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया अपने बच्चे/अपनी बच्ची के शिक्षक से बात करें, या विभाग को school.surveys@education.vic.gov.au पर ईमेल भेजकर उनसे संपर्क करें।

भवदीय,

विक्टोरिया शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग (Victorian Department of Education and Training)